# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

दिनांक 18.08.2017 को सम्पन्न DMFT (District Mineral Foundation Trust) के न्यास परिषद की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

सर्वप्रथम उपायुक्त महोदया के प्रस्तावित स्टॉकहोम में आयोजित कार्यशाला में शामिल होने हेतु VISA Clearance के लिए नई दिल्ली जाने के फलस्वरूप न्यास परिषद की बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव DMFT रामगढ़ द्वारा किये जाने की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी गयी।

उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, रामगढ़ से अनुरोध किया गया।

बैठक में उपस्थित सभी माननीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी Booklet की विषय–वस्तु के संबंध में जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा, रामगढ़ द्वारा विस्तार से बताया गया। Booklet में संकलित बैठक की कार्यावली, कार्यान्वित योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन/Success Story एवं आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित योजनाओं की सूची के बारे में विस्तार से स्पष्ट किया गया। तदोपरान्त निम्नवत् कार्यवाही प्रारम्भ की गयी :–

1. **DMFT के तहत् कार्यान्वित योजनाओं का Presentation :**

i. **MTC**

रामगढ़ जिलान्तर्गत संचालित MTC का Success Story से संबंधित Documentry का प्रदर्शन Power Point Presentation के द्वारा किया गया। इसमें माण्डू एवं पतरातु प्रखण्ड में कुपोषित बच्चों में Yellow Zone को Target करते हुए पौष्टिक आहार एवं आवश्यक Medicines का सेवन कराते हुए Green Zone में लाया गया है। साथ ही, कुपोषण से संबंधित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य MTC के तहत् किया गया है। इस संबंध में उपस्थित जन प्रतिनिधियों से निम्नलिखित सुझाव प्राप्त हुए :–

- योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार News Paper एवं Pamplets के माध्यम से सुनिश्चित किया जाय।
- MTC Van का प्रस्तावित Route Chart की जानकारी सभी संबंधित मुखिया/जनप्रतिनिधियों को भी दी जाय।
- शत–प्रतिशत कुपोषित बच्चों को इस अभियान से जोड़ने का दायित्व संबंधित मुखिया को दी जाय, तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित किया जाय।

ii. **पुल–पुलिया निर्माण की योजना :**

DMFT के तहत् निर्माणाधीन 42 पुल–पुलिया एवं 04 High Level Bridges के प्रगति एवं Success Story से संबंधित Presentation कार्यकारी एजेन्सी ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग–सह–रामगढ़ द्वारा दिखाया गया। इसमें इसकी उपयोगिता एवं प्रगति से संबंधित Updated Report दिखाया गया। इस संबंध में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिये गये :–

- योजना का कार्यान्वयन जल्द पूरा किया जाय।
- सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन बहाल करने हेतु सभी प्रखण्डों में अन्य आवश्यक सभी पुलों का निर्माण सुनिश्चित किया जाय।

iii. **गढ़बाँध एवं बिजुलिया तालाब का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण :**

पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थलों यथा गढ़बाँध एवं बिजुलिया तालाब के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण हेतु तैयार डी0पी0आर0 का Presentation कार्यकारी एजेन्सी कार्यपालक

अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा दर्शाया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी सराहना की गयी एवं प्रस्तावित कार्य का अविलम्ब पूरा करने हेतु अनुरोध किया गया।

2. **वर्तमान वर्ष के लिए योजनाओं का अनुमोदन :**

**i. मुख्यमंत्री–ग्रामीण जलापूर्ति योजना का अनुमोदन**

मंत्रीपरिषद्, झारखण्ड सरकार द्वारा अनुमोदित एवं पेयजल स्वच्छता विभाग द्वारा स्वीकृत रामगढ़ जिलान्तर्गत कुल 11 (ग्यारह) निम्नवर्णित योजनाओं को अनुमोदित किया गया :–

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्रा0 राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोला | गोला | गोला ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 2172.400 |
| 2 | चितरपुर | चितरपुर | चितरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1460.553 |
| 3 | माण्डू | कुजू | कुजू ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 2339.910 |
| 4 | माण्डू | लईयो | लईयो ग्रामीण जलापूर्ति योजना | 563.237 |
| 5 | माण्डू | दिगवार | दिगवार ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1054.384 |
| 6 | पतरातु | भुरकुण्डा | भुरकुण्डा ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1722.890 |
| 7 | रामगढ़ | मरार | मरार सेवटा ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 2021.440 |
| 8 | गोला | हेसपोड़ा | हेसापोड़ा सुतरी ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1840.990 |
| 9 | गोला | सोसोकला | सोसोकला हेमतपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 2569.525 |
| 10 | चितरपुर | बोरोबिंग | बोरोबिंग बड़कीपोना ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 1615.345 |
| 11 | रामगढ़ | गोबरदरहा | गोबरदरहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना। | 2443.910 |

3. **न्यास परिषद से अनुमोदन की प्रत्याशा में पूर्व स्वीकृत योजनाओं का अनुमोदन :**

बिरहोर टोलों में पेयजलापूर्ति की 10 (दस) योजनाओं तथा बिजुलिया तालाब का जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण की 01 (एक) योजना जिसे DMFT की प्रबंधकीय समिति द्वारा अनुमोदित कर कार्यान्वित की जा रही है उसे सर्वसम्मति से न्यास परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

4. **आगामी वर्ष के लिए अनुमोदित योजनाएँ :**

उपस्थित जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी Booklet में संलग्न प्रस्तावित योजनाओं पर विस्तुत चर्चा एवं विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निम्नवर्णित योजनाओं को अनुमोदित किया गया :–

i. दिव्यांगों को आवश्यतानुसार कृत्रिम अंग/उपकरण/उपष्कर उपलब्ध कराना।
ii. DMFT अन्तर्गत PMU (Planning and Monitoring Unit) का गठन।
iii. विद्यालयों में Computer Lab, Library एवं MDM शेड का निर्माण।
iv. आदिवासी आवासीय विद्यालय, माण्डू का जीर्णोद्धार।
v. आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा के लिए नये विद्यालय–सह–छात्रावास के लिए भवन निर्माण।
vi. 05 (पाँच) शव–वाहन एवं 10 (दस) Ambulance का क्रय।
vii. गाँधी घाट, रामगढ़ में शवदाह गृह एवं Modern Library का निर्माण।
viii. माण्डू, गोला, चितरपुर एवं पतरातु प्रखण्ड अन्तर्गत मुख्य बाजार/हाट में Market Shed का निर्माण।
ix. DMFT योजनाओं का Online Monitoring हेतु One System App का Development.
x. रामगढ़ शहरी क्षेत्र को ODF करने हेतु शौचालय निर्माण।
xi. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग–सह–रामगढ़ द्वारा प्रस्तावित लगभग 49.8226 करोड़ की कुल 56 पुल–पुलिया निर्माण की योजनाएँ।

xii. पंचायत सचिवालय का चाहरदिवारी निर्माण।

xiii. विधि व्यवस्था संधारण हेतु CCTV/Drone Camera का अधिष्ठापन।

xiv. कुजू OD-Area में पार्क/कौशल विकास केन्द्र का निर्माण।

xv. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक उपष्कर/उपकरण की आपूर्ति।

xvi. भैरवा जलाशल को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करना।

xvii. रामगढ़ शहरी जलापूर्ति योजना का जीर्णोद्धार।

xviii. उत्खनन प्रभावित माण्डू तथा पतरातु प्रखण्डों की ग्रामीण महिलाओं के स्व–रोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

उपर्युक्त अनुमोदित योजनाओं का DPR/Estimate तैयार कर DMFT की अगली बैठक में उपस्थापित करने हेतु निदेश दिया गया। साथ ही, जिन योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु भूमि की आवश्यकता है, उसका भूमि प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में सधन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।

ज्ञापांक 1092 /वि0 रामगढ़ दिनांक 11/09/2017

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।**

11/9/17
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
न्यास परिषद्, DMFT,
रामगढ़।